पो. रजि. नं. जयपुर सिटी/011/2024-2026, आरएनआई रजि नं. 48910/91 fb/seemasandesh1951 seemasandesh1951@gmail.com 0141-2700113 ■ जयपुर-श्रीगंगानगर (राज.) से एक साथ प्रकाशित ■ जोधपुर, कोटा, नागौर से प्रसारित

1951 में स्थापित

सीमा सन्देश

संस्थापक स्व. श्री कमल नयन शर्मा

ताकत किसान की, जवान की

■ वर्ष : 34 ■ अंक : 97 ■ मूल्य : रु. 2.00 ■ पृष्ठ : 08 जयपुर, रविवार, 06 अक्टूबर, 2024 ऑनलाइन पढ़ें : epaper.seemasandesh.in

वैश्य समाज... 7

टेराहट्र्ज. प्रौद्योगिकी पर इंडो-जर्मन कार्यशाला में विद्वान वक्ताओं ने दिए रोचक प्रस्तुतीकरण

पिलानी (सीमा सन्देश सं)। सीएसआईआर-सीरी में ह्यऔद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए टेराहट्र्ज. प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित की जा रही तीन-दिवसीय इंडो-जर्मन वैज्ञानिक कार्यशाला में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वक्ताओं ने व्याख्यान दिए। विशिष्ट अतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के जर्मन संयोजक प्रोफेसर हार्टमुट रॉस्कॉस ने 'टुवर्ड्स रीयल टाइम हॉलोग्राफिक इमेजिंग विद टेराहट्र्ज.वेव्ज विषय पर अपना रोचक व ज्ञानवर्धक प्रस्तुतीकरण दिया। अपने व्याख्यान में उन्होंने चिकित्सा क्षेत्र में इस प्रौद्योगिकी के उपयोग से क्रांतिकारी परिवर्तनों की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उद्घाटन सत्र के उपरांत तथा कार्यशाला के दूसरे दिन तक आयोजित कुल 6 तकनीकी सत्रों में की-नोट व्याख्यान के अलावा 20 प्रतिभागियों ने अपने प्रस्तुतीकरण दिए जिनमें से 11 व्याख्यान भारतीय तथा 09 व्याख्यान जर्मन वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों द्वारा दिए गए। कार्यशाला के दौरान सीरी के वैज्ञानिकों ने संस्थान में चल रही शोध गतिविधियों पर प्रस्तुतीकरण दिए।

डॉ नीरज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक एवं कार्यशाला के भारतीय समन्वयक ने बताया कि इंडो-जर्मन साइंस एंड टेक्नोलॉजी सेन्टर (आईजीएसटीसी) के तत्वावधान में आयोजित की जा रही कार्यशाला के अंतिम दिन भी जर्मन एवं भारतीय वैज्ञानिकों एवं विद्वान विशेषज्ञों द्वारा टेराहट्र्ज. इमेजिंग व टेराहट्र्ज के चिकित्सा अनुप्रयोगों सहित, संचार, स्पेक्ट्रोस्कोपी, पर्यावरण मॉनीटरिंग में इसकी उपयोगिता एवं महत्व जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी।

समापन सत्र में संयुक्त रूप से सहयोगात्मक शोध की संभावनाओं पर चर्चा की जाएगी और एमओयू का आदान-प्रदान भी होगा।